हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 मार्च 2024


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


10 छात्राओं ने सीखे योग के गुर






10 कच्चे कर्मियों को पक्का करने की मांग









## खबर संक्षेप

### हांसी ब्रांच नहर से अज्ञात युवक का शव बरामद

**जींद।** गांव रामराय के निकट हांसी ब्रांच नहर से सदर थान पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। सदर थाना के एएसआई सुनील ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी।

### पिकअप की टक्कर से दो युवक घायल

**कैथल।** गांव सांपली खेड़ी के पास एक पिकअप गाड़ी चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव हाबड़ी के बलबीर सिंह ने सदर थाना में शिकायत दी कि 24 मार्च को उसका भाई राकेश व उसका दोस्त पवन मोटरसाइकिल पर सवार होकर करनाल रोड पर जा रहे थे।

### दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस सहित एक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने हांसी रोड रजबाहा पुल पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड रजबाहा पुल पर एक युवक अवैध असलहे के साथ खड़ा हुआ है।

### सीआईए-1 ने सटोरिया पकड़ा, नकदी बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी जसबीर सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की सीवन गेट कैथल के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### भूमि विवाद में हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव झांज कलां में जमीन विवाद के चलते हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झांज कलां निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के ही मनदीप के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने बेल जंपर अपराधी पकड़ा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस के एसआई सुभाष चंद्र द्वारा उद्घघोषित अपराधी अशोका गार्डन कॉलोनी कैथल निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 24 नवंबर 2018 की रात अपने साथी के साथ मिलकर सरकारी अस्पताल कैथल में कर्मचारियों के साथ मारपीट करने व कैबीन का शीशा तोड़ने का आरोप है। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है।

### रंजिशन हमला, 17 के खिलाफ शिकायत दर्ज

**जींद।** उचाना मंडी में युवक पर हमला कर घायल करने पर पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना निवासी अनुराग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उचाना मंडी निवासी लक्की से कहासुनी हो गई।

## स्वास्थ्य महानिदेशक ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# मरीजों को बिना ठोस कारण रेफर किया तो होगी कार्रवाई : रणदीप

### इमरजेंसी में आने वाले हर मरीज का समय के अनुसार रखना होगा रिकार्ड

### जींद में एक माह में 78 गर्भवतियों को रेफर करने की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रणदीप सिंह पूनिया बुधवार को नागरिक अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने सीएमओ डा. गोपाल गोयल और चिकित्सा अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से समस्याएं जानी और निराकरण का आश्वासन दिया।

डीजीएचएस डा. रणदीप सिंह पूनिया बुधवार शाम को नागरिक अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड देखा और मरीजों से सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. गोपाल गोयल साथ रहे। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उन्होंने सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की बैठक ली। बैठक में चिकित्सकों से दवा, उपकरणों, समस्याओं आदि पर चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि लोगों को बेहतर सेवाएं मिलनी चाहिए। चिकित्सक ये प्रयास करें कि किस तरह से सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। यदि उपकरणों, संसाधनों की कमी है तो प्रपोजल बनाकर भेजें। इस दौरान अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बताई गई कुछ समस्याओं को लेकर उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया।

पत्रकारों से बातचीत में पूनिया ने बताया कि यह रुटीन का दौरा था। वह हिसार से चंडीगढ़ जाते समय जींद के नागरिक अस्पताल में आए थे। यहां सिविल सर्जन तथा अन्य चिकित्सकों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई है। अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। यहां यह जानने का प्रयास किया गया है कि अस्पताल में क्या कमी है। जींद अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पर पूनिया ने कहा कि पहले एक हजार चिकित्सकों की भर्तियां की गई थी। चिकित्सकों की फिर से भर्तियां की जाएंगी। अल्ट्रासाउंड सुविधा को लेकर पूनिया ने कहा कि मशीन दी गई है। स्पेशलिस्ट की कमी सभी जगह कमी है। फिर भी प्रदेशभर के कई अस्पतालों में रियायती दरों पर अल्ट्रासाउंड करवाए जा रहे हैं।



**जींद।** निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रणदीप सिंह पूनिया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल, प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. जितेंद्र कादियान, डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, डा. संदीप लोहान, डा. नवनीत, डा. संकल्प भी मौजूद रहे।

#### अब स्पेशलिस्ट कैडर से भर्तियां होंगी: सिंह

एमपीएचडब्ल्यू के पद समाप्त करने पर पूनिया ने कहा कि पद समाप्त नही किए जा रहे हैं। बस कम या ज्यादा किए जा रहे हैं। यह स्वास्थ्य विभाग की प्रक्रिया है। स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी को लेकर पूनिया ने कहा कि स्पेशलिस्ट को लेकर कभी भर्तियां नही हुई। अब स्पेशलिस्ट कैडर बन चुका है। आगे जो भर्तियां होगी वो स्पेशलिस्ट कैडर की होंगी। डिलीवरी को लेकर पूनिया ने निर्देश दिए कि बेवजह जच्चा और बच्चा को रेफर न किया जाए। इस बारे में सीएमओ कारण जानने का काम करें। पिछले महीने जींद से 78 गर्भवति महिलाओं को रेफर किया गया है। इनकी जांच करवाई जाएगी कि रेफर करने के पीछे क्या कारण रहे। यदि कोई ठोस कारण नहीं रहा तो फिर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। डा. पूनिया ने कहा कि अब इमरजेंसी में आने वाले हर मरीज का रिकार्ड समय के अनुसार रखा जाएगा। इमरजेंसी में आने के बाद मरीज की जांच किस-किस चिकित्सक ने और किस समय कीए इसकी जानकारी देनी होगी। यदि मरीज को रेफर करना पड़ा तो चिकित्सक को ठोस कारण बताना होगा। यदि बिना ठोस कारण के मरीज को रेफर किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



कार्रवाई करती तथा होटल को सील करती जिला नगर योजनाकार की टीम।

# कुलतारन में चल रहे होटल को किया सील

- शहर में अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला योजनाकार विभाग की ओर से बुधवार को कैथल की राजस्व संपदा गांव कुलतारन में स्थित एक अवैध होटल को जिला प्रशासन के सहयोग से सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को सील करने के लिए स्थल पर पहुंचा और नियमानुसार कायार्वाही को अमल में लाया गया। विभाग के संज्ञान में राजस्व सम्पदा गांव कुलतारन में अवैध रुप से चल रहे होटल का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को पीएसआर एक्ट 1963 की धाराओ के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए



जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और ना ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसलिए विभाग की तरफ प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने अपील करते हुए कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में निर्माण इत्यादि गतिविधियों को करने से पहले भूमि परिवर्तन हेतु अनुमति निदेशक, नगर एवम ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से प्राप्त कर ले। उन्होने जिला उपायुक्त कैथल के हवाले से बताया की शहर में अवैध निमार्णों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा और अवैध निर्माण करने वालों पर इसी प्रकार से कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत तीन पर दहेज, हत्या का मुकदमा दर्ज

- ससुरालल पक्ष ने कहा फंदा लगा दी जान, मायका वालों ने कहा योजनाबद्ध तरीके से हुई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ओम नगर में संदिग्ध हालत में महिला की मौत हो गई। ससुराल पक्ष का कहना था कि महिला ने फांसी लगा आत्महत्या की है। वहीं मायका पक्ष का कहना था की दहेज की डिमांड पूरी न होने पर योजनाबद्ध तरीके से हत्या की है। शहर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओमनगर निवासी विनित की पत्नी रेणू (22) की मंगलवार देर शाम को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा मायका पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतक के गले में रस्सी का निशान था और शव नीचे रखा गया था। ससुराल पक्ष का कहना था कि रेणु ने फांसी लगाई है। जब तक उसे फंदे से नीचे उतारा जाता तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता शिव कालोनी सफीदों निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी रेणू की शादी लगभग दो साल पहले ओमनगर निवासी विनित के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उसकी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। इस दौरान रेणू ने बेटी को भी जन्म दिया। रेणू को तंग करने को लेकर घरेलू स्तर पर पंचायत भी हुई। दोबारा गलती न करने के लिए आरोपितों ने दोहराया। बावजूद इसके ससुरालीजन हरकतों से बाज नही आए। नरेश ने आरोप लगाया कि दहेज की डिमांड पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसकी बेटी की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की है। शहर थाना पुलिस ने नरेश की शिकायत पर मृतका के पति विनित, ससुर जयपाल व सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।

#### जांच जारी

शहर थाना के जांच अधिकारी चंद्रपाल ने बताया कि मृतका के पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मृतका के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बस स्टॉप की मांग पूरी न करने पर जताया विरोध

**राजौंद।** राजौंद के जींद रोड पर वार्ड नंबर 6 के लोगों ने बस स्टोपिज की मांग पूरी न करने को लेकर रोष जताया। इंदिरा आवास कालोनी निवासी वार्ड नंबर 6 से रामपाल, रामकुमार फौजी, पाला, दलबीर, रामलाल, हवा सिंह, रामकुमार ने बताया कि यहां 200 के लगभग घरों की बस्ती है। बस स्टाप एक से डेढ़ किलोमीटर दूर पड़ता है जबकि जींद डिपो की बसें कालोनी से होकर निकलती है। इसलिए इन कालोनी वासियों को डेढ़ किलोमीटर तक फिर वापिस आना पड़ता है और ऐसे में कई बार वृद्ध, बीमार व बच्चे अधिक परेशान हो जाते है। अगर यहां बस स्टाप शुरू कर दिया जाए तो कालोनी वासियों की बरसो से आ रही समस्या का समाधान हो सकता है। लेकिन बार-बार प्रशासन व संबंधित विभाग को लिखित व मौखिक रूप में कहने के बावजूद भी मांग पुरी नहीं की जा रही जिसे लेकर कालौनी निवासियों में भारी रोष हैं।

# करसोला में युवक ने खेत में पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी की, सुसाइड नोट मिला

- मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव के खेतों में एक युवक ने पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारा। मौके पर मृतक के परिजनों को बुलाया गया। पुलिस ने मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। इस सुसाइड नोट में रुपयों के लेनदेन को लेकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप भी लगाए गए हैं। जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव करसोला निवासी अजय ने बताया कि उसका बड़ा भाई 35 वर्षीय विजयपाल दिहाड़ी मजदूरी करता था। बुधवार को उसने खेतों में जा कर पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। विजयपाल की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा हुआ था कि मेरी मरने की वजह सुनील तोता, प्रदीप गोहाना, संजय कन्हेली व अनिल हुड्डा है। जिनसे मेरे भाई का लेनदेन था। ये मेरे भाई विजयपाल का हिसाब-किताब नहीं दहे रहे थे। जिनकी वजह से मेरे भाई विजयाल ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक विजयपाल नौ जनवरी 2021 के एक मामले में आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपित था और अदालत में पेश नही होने पर आरोपित को भगौड़ा घोषित किया गया था। नौ जनवरी 2021 को जुलाना के वार्ड 12 निवासी अंकित ने पुलिस को शिकायत दी थी।

#### मामले की जांच जारी

जुलाना थाना प्रभारी नवीन मोर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि करसोला गांव के पास खेतों में एक युवक ने पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर चार आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक एक मामले में आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपित था। बुधवार को कोर्ट में पेश होने के लिए गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

### हुड्डा निवासियों को सुविधा के नाम पर दुविधा मिल रही

# हुड्डा कॉलोनी में जनसुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी की एकमात्र हुड्डा कालोनी में जन सुविधाओं के नाम पर समस्याएं ही समस्याएं मिल रही है। स्थिति ये है कि इन समस्याओं को न तो हुड्डा विभाग और न ही नपा ठीक करवाने के लिए तैयार है। दोनों विभाग के अधिकारी एक-दूसरे विभाग की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ लेते है। हुड्डा निवासी नहीं समझ पा रहे कि आखिर वे अपनी समस्या लेकर किसके पास जाएं। हुड्डा कालोनी में नाले टूट पड़े है। सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त नहीं है, नालों का पानी खाली प्लाटों में जमा होता रहता है। पार्कों की खस्ता हालत है, फूल-पौधों की जगह घास फुंस खड़ा हुआ है। स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है। कालोनी के गेट खराब है। कालोनी निवासी अनिल आर्य, राजेंद्र खुराना, सुदेश सिंगला ने बताया कि उन्होंने करोड़ों खर्च कर हुड्डा में ये सोचकर मकान बनाए थे कि उन्हें बड़े शहरों की तरह हर प्रकार की सुविधा मिलेगी, लेकिन सुविधा के नाम पर दुविधा मिल रही है। अब अगर अपनी समस्याओं की फरियाद लेकर भी जाएं तो किसके पास जाएं। विधायक रणधीर गोलन से भी इस बारे में मिले थे, उन्होंने चंडीगढ़ उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्या को हल करवाने का आश्वास दिया है। कालोनी में लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया हुआ है। मजबूरी में स्थानीय निवासी अपने अपने सामने खुद की लाइटें लगवा रहे है। लाइटों को लेकर जब नगर पालिका प्रशासन से मिले तो नगर पालिका ने यह कहकर मना कर दिया की पूंडरी हुड्डा में नई लाइट लगाने का हमारे को अधिकार नहीं है, हुड्डा के अधीन चला गया है। जब हुडा प्रशासन से बात की जाती है तो कह दिया जाता है हमारे पास तो केवल प्रॉपर्टी और नक्शे आए हैं। शेष अधिकार अभी नपा के पास है। हुड्डा निवासी अब समस्याओं को लेकर हुड्डा विभाग के खिलाफ कोर्ट में जाने की तैयारी कर रहे है।



**पूंडरी।** हुड्डा सेक्टर में खुद स्ट्रीट लाइट ठीक करते स्थानीय निवासी।

#### हमारे अधीन नहीं

अब हुड्डा सेक्टर उनके अधीन नहीं है। पहले एक बार नगरपालिका पूंडरी के अधीन आया भी था। जब सभी समस्याओं का समाधान उनके द्वारा किया जाता था, लेकिन अब हुड्डा ने दोबारा अपने अधीन ले लिया है। *अशोक कुमार, सचिव नगरपालिका पूंडरी।*



**कैथल।** नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी

**कैथल।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉपोर्रेशन वर्कर यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की गेट मीटिंग तीसरे दिन में प्रवेश कर गई। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता दीपेंद्र कोहली ने की और मंच का संचालन अजय कौशिक ने किया। गेट मीटिंग में कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन कैथल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। आज की गेट मीटिंग में सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा की विद्युत सदन पर बैठे अधिकारी अपने आप को विभाग के नियम कायदे से ऊपर समझते है क्योंकि जिन कर्मचारियों की सेक्शन हेड ऑफिस से पार्ट 2 में आई है।उनको ये अधिकारी अपनी मन मर्जी से पार्ट 1 में भेज रहे हैं। इसके इलावा विभाग में स्वीपर और माली की पोस्ट पर पॉवर हाउस के अंदर काम कर रहे कर्मचारियों को तनख्वा मिले तीन महीने हो गए हैं और आगे भी कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि इन अधिकारियों की गलती से उनकी जो सेक्शन आनी थी वो भी इनकी गलती से रुकी हुई है। जब यूनियन इन दोनों ही मांगो के बारे में बात करती है।

खबर संक्षेप

### दो महिलाओं के गले से सोने की चैन झपटी

**जींद।** गाव धमतान साहिब गुरूद्वारे में माथा टेकने गई दो महिलाओं के गले से किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर दो सोने की चैन झपट ली। गढ़ी थाना पुलिस ने अभिभावकों की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं के अभिभवाकों की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 11 को पैदल जाएंगे बनभौरी के माता भ्रामरी धाम श्रद्धालु

**उचाना।** आगामी 11 अप्रैल को तीसरे नवरात्र में पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर के पास से सुबह पांच बजे देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था जाएगा। जय मां बनभौरी सेवा समिति की अगुवाई में ये पैदल जत्था पहली बार उचाना से जाएगा। अब तक इस तरह का कोई जत्था नवरात्र में देवभूमि बनभौरी भ्रामरी माता धाम पर उचाना से नहीं गया है।

### अरविंद केजरीवाल पूरे देश के नेता : पवन

**उचाना।** आम आदमी पार्टी हिसार लोकसभा के अध्यक्ष पवन फौजी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पूरे देश के नेता है। पूरे देश में बेहतर शिक्षा, चिकित्सा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं विकसित, शिक्षित भारत चाहते है। कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करके दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

### पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत 29 को आएंगे काब्रच्छा

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उचाना हलके के काब्रच्छा गांव में 29 मार्च को पूरा दिन रहेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामीणों द्वारा आयोजित अलग-अलग 60 जगहों पर कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जेजेपी कार्यकर्ताओं में दुष्यंत चौटाला के दौरे को लेकर पूरा उत्साह है। जोरदार तरीके से स्वागत की तैयारी ग्रामीण, कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला के कार्यक्रम को लेकर कर रहे है।

### दल-बदलू मौकापरस्त को उम्मीदवार न बनाए : पालवां

**उचाना।** उचाना में पक्का मोर्चा धरनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि दल-बदलू व मौकापरस्त नेताओं को इंडिया गठबंधन हिसार लोकसभा से अपना उम्मीदवार ना बनाए। इन्ही के खिलाफ सामुहिक समस्याओ व मांगों को लेकर उचाना क्षेत्र के बुजुर्ग 473 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। धरने पर इस दौरान तीन बुजुर्ग अपने प्राण नछौवर कर चुके है।

### चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए डायल करें 1950

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हैल्पलाइन नंबर 1950 भी जारी किया गया है।

### दो स्थानों पर टूटे ताले, मामले दर्ज

**जींद।** चोरो ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडब्लूडी एंड बीएंडआर के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने विभाग के परिसर में रखी बिजली मोटर को चोरी कर लिया।

### बिजली मोटरें और अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव सुंदरपुरा तथा फैरण कलां में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन से 'यादा किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए टयूब्वैलों से कीमती केबल, बिजली मोटर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुंदरपुरा निवासी करण ने पुलिस को शिकायत दी है।

## बीएलओ घर-घर जाकर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता का लें सहमति प्रमाण पत्र: डीसी

# 80 वर्ष से ज्यादा आयु व दिव्यांग अपने घर से ही कर पाएंगे मतदान

### सहमति लेने के बाद ही किया जाएगा टीमों का गठन : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए वचनबद्ध है। चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत छह मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल सात मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा चार जून 2024 को मतगणना होगी। आगामी छह जून 2024 चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, रैंप इत्यादि की व्यवस्था की गई है।

80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर से ही मतदान कर पाएंगे 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर से ही मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। अगर कोई 80 वर्ष आयु से अधिक का बुजुर्ग, दिव्यांग ये कहता है कि मुझे मतदान केंद्र पर वोट डालने में कोई परेशानी नहीं है और वह चलने में असमर्थ है तो उसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि वो अपना वोट डाल सके। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम भी एक्टिव कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जिला में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की ओर से पेड न्यूज आदि को लेकर मॉनिटरिंग शुरू कर दी गई है।

उपायुक्त ने मॉनिटरिंग सेल को निर्देश दिए हैं कि पारदर्शी रहकर समान रूप से पेड न्यूज आदि की रिपोर्ट दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मॉनिटरिंग सेल की कार्यप्रणाली सबसे अहम होती है। चुनाव के दौरान सेल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बड़ी संजीदगी के साथ काम करने की जरूरत होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान प्रत्येक समाचार पत्र सहित केबल चैनलों व अन्य न्यूज चेनलों पर कड़ी नजर रखी जाए। चुनावी खर्च पर भी कड़ी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले लेन-देन पर भी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक एवं निष्पक्षता से संपन्न करवाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ-साथ सीआरपीएफ की टुकड़ी की तैनाती की जाएगी। पंजाब व अन्य जिलों के साथ लगने वाली सीमाओं पर नाके लगाए जाएंगे।

#### जिला प्रशासन ने टोल फ्री नंबर जारी किया

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित शिकायत इस टोल फ्री नंबर पर दे सकता है। लोकसभा चुनाव की उल्लघंना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान करें व अन्य व्यक्तियों को जागरूक करें ये आपका लोकतांत्रिक अधिकार है इसे अवश्य पुरा करें, अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी भी सूचना जिला प्रशासन को करें ताकि उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

#### सरकारी,निजी प्रॉपटी पर झंडे-बैनर लगाने पर प्रतिबंध

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि किसी निजी प्रोपर्टी पर झंडा अथवा बैनर लगाने के लिये प्रोपर्टी मालिक से लिखित में अनुमति प्राप्त करनी होगी। अन्यथा संपत्ति विरूपण अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलोंध्उम्मीद्वारों द्वारा चुनाव के दौरान प्रयोग किये जाने वाले वाहनों का रिट्रनिंग अधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी, अधिकृत अथोरटी की अनुमति लेकर ही चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग करना होगा। सभी राजनीतिक दलों के उम्मीद्वारों एवं अन्य निर्दलीय उम्मीद्वारों द्वारा चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित किए जाने वाले खर्चे का लेखा अलग से रखा जाना है तथा इस से संबंधित अलग से बैंक में खाता खुलवाया जाना है। चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा करवाने बारे सभी राजनीतिक दलों के उम्मीद्वारों एवं अन्य निर्दलीय उम्मीद्वारों द्वारा चुनाव के दौरान किए गए खर्च की तीन बार जांच करवाई जाएगी, जिसकी तिथि खर्च पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित की जाएगी। उम्मीद्वारों द्वारा प्रत्येक किए गए खर्च को चुनाव परिणाम की घोषणा के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर शपथ पत्र के साथ खर्च पर्यवेक्षक को मूल बिलों के साथ अभ्यिर्थियों द्वारा संबधित जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाया जाएगा। उनहोंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि उनके द्वारा चुनाव लड़ रहे उम्मीद्वारों द्वारा छपवाई व इस्तेमाल की जाने वाली निर्वाचन सामग्री पर छपवाई की मात्रा व छापने वाली प्रिंटिंग प्रैस का पूरा पता छपवाई गई निर्वाचन सामग्री पर दर्शाया जाना अनिवार्य है तथा इसका विवरण चुनाव कार्यालय द्वारा गठित चुनाव खर्च निगरानी टीम को उपलब्ध करवाया जाना है। चुनाव लड़ रहे उम्मीद्वारों द्वारा सभी प्रकार की अनुमतियां सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन ली जानी है।



नरवाना। चैकअप करवाते हुए मरीज।

## अस्पताल के साथ मिलकर लगाया स्वास्थ्य जांच कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बीएलके मैक्स दिल्ली के हॉस्पिटल द्वारा एक मेडिकल कैंप लॉयंस क्लब नरवाना के साथ मिलकर 27 मार्च दिन बुधवार को शहर के गौरव पब्लिक स्कूल में लगाया गया। इस विशेष कैंप में कैंसर दिल की बीमारी, रीड की हड्डी, हड्डियों का दर्द आदि से संबंधित डॉक्टर अपनी सेवाओं के साथ उपस्थित रहें। इस दौरान कुल मिलाकर 110 ओपीडी रहें जिनका विभिन्न स्पेशलाइ'ड डॉक्टर ने चेकअप किया। अनेकों तरह के टेस्ट की सुविधा भी इस कार्यक्रम में फ्री में मुहिया करवाई गई। इस कैंप लायंस क्लब के भावी डिस्ट्रक्टि गवर्नर सुधा कामरा ने 'योति प्र'वलित की तथा भूतपूर्व गवर्नर सतपाल गोयल ने लायंस क्लब नरवाना, की एक्टिविटी के बारे में आम जन को अवगत करवाया। इस कैंप को लगाने का निर्देश क्लब के मेंबर सुनील गुप्ता के माता-पिता ओमप्रकाश तथा कमलेश की इच्छा अनुसार हुआ था क्लब के सभी सदस्यों में उनका इस एक्टिविटी को करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। गुप्ता परिवार में आगे भी क्लब को विशेष कार्य को करने के लिए प्रोत्साहित कियाए मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली की तरफ से डॉक्टर जय गोपाल शर्मा कैंसर स्पेशलिस्ट ने कैंसर रोग से बचाव तथा इसके इलाज के लिए एक बहुत ही अच्छा सेमिनार दिया जिसे सभी ने खूब सराहा, इसके साथ-साथ सामान्य अस्पताल के साथ मिलकर टीबी के रोकथाम के लिए फ्री वैक्सीनेशन की व्यवस्था भी लायंस क्लब नरवाना द्वारा इसी कैंप में की गई। इस दौरान सरकारी अस्पताल नरवाना की टीम मौके पर मौजूद रही अंत में क्लब के सभी सदस्यों ने मिलकर बीएलके मैक्स हॉस्पिटल की टीम का हार्दिक धन्यवाद किया।

## कच्चे कर्मियों को पक्का करने की मांग

- अध्यापकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति मामलों का निपटारा हो जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला प्रधान साधुराम की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से अध्यापकों की विभिन्न मांगो व मुद्दों को लेकर मुलाकात की। बैठक में जिला प्रधान ने बताया कि अध्यापक वर्ग में जिला व निदेशालय स्तर पर पेंडिंग विभिन्न विषयों के कारण रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रमुख रूप से एलटीसी का बजट स्वीकृत करना तथा एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्ति प्राप्त अध्यापकों का अवकाश के दिनों का वेतन निकालने बारे पत्र जारी करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त अध्यापकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति मामलों का निपटारा करना व एसीपी के पेंडिंग मामलों को लेकर निदेशालय से बात करने की भी मांग रखी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी मामलों के जल्द से जल्द निपटाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से रिक्त पदों पर कच्चे के स्थान पर नियमित भर्ती करने व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की। एचकेआरएन द्वारा नियुक्त अध्यापकों को आचार सहिता में छूट देते हुए शीघ्र कार्य ग्रहण करवाने तथा इनकी भी कोई स्थानांतरण नीति बनाने की भी मांग की। रोहताश आसान, परमात्मा प्रसाद, शमशेर कौशिक, अमरजीत सिंह, शमशेर सिंह मौजूद रहे।



जींद। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मांगों को लेकर मिलते अध्यापक।

### नगूरां स्कूल में विजेता बच्चों का किया सम्मान

**अलेवा।** गांव नगूरां के राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य बिजेंद्र ने की तथा मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि रणधीर नंबरदार ने भाग लिया। इस अवसर पर परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गणित प्रवक्ता शिव कुमार ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान सतीश, महावीर खटकड़ के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## हरियाणा बनाओ अभियान की बैठक

- हरियाणा की अलग से राजधानी बनाए जाने को लेकर सेमिनार आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला न्यायालय परिसर में हरियाणा बनाओ अभियान की बैठक हुई। अभियान के सहसंयोजक एडवोकेट गोपाल गोयतने कहा कि हरियाणा के अलग राजधानी बनने से जहां प्रदेश में विकास को गति मिलेगी वहीं अलग उच्च न्यायालय से लोगों को सस्ता और जल्द न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लिए अलग से नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे को लेकर हरियाणा बनाओ अभियान संगठन द्वारा वीरवार को अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रा'य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार को कई बुद्धिजीवी संबोधित करेंगे। इस सेमिनार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वे नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व को समझ सकें। उन्होंने बताया कि जींद में होने वाले इस राज्य स्तरीय सेमिनार में जींद बार एसोसिएशन के सभी बार सदस्य और प्रदेशभर से अन्य लोग एवं अधिवक्तागण हिस्सा लेंगे। इस सेमिनार में हरियाणा प्रदेश के लिए अलग से नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वे नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व को समझ सकें।



जींद। बैठक करते हुए अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। शिविर में भाग लेते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट्स द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में कॉलेज प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सामाजिक विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की बहुत आवश्यकता है। क्योंकि बहुत से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किए जाते हैं जिससे सामाजिक विकास को बल मिलता है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शिव कुमार ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने दो नई एप्लीकेशन लॉच की हैं। मतदाता हैल्पलाइन एप व सीविजिल से निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी मुक्त उपहार, शराब का वितरण, समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ नागरिकों को शिकायत करने के लिए मजबूत बनाता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन ने कहा शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में सामाजिक जागरूकता के लिए श्रम संस्कार, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व प्रबंधन जैसे विषयों को समझा। एकदिवसीय शिविरों से स्वयंसेवकों में सामाजिक दायित्व की भावना का विकास होता है।

## छात्राओं ने सीखे योग के गुर

- स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए बनाए पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा योग प्रशिक्षण द्वारा हुई। छात्राओं ने प्रातःकाल में योग प्रशिक्षक मीना के साथ बैठकर विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, योगासन एवं सूक्ष्म व्यायाम किया।

मीना ने प्राणायाम के लाभ बताए और छात्राओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर एवं कक्षाओं को साफ करने का जिम्मा उठाया। अगले सत्र में नशा मुक्त भारत विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पोस्टर से छात्राओं ने नशे की लत से होने वाले भारी नुकसान एवं नशे से किस प्रकार मुक्ति पाई जाए जैसे विषय पर भारत को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। छात्राओं ने शिक्षा व्यवस्था की प्रमुख चुनौतियों में से एक स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की कमी को बताया। उन्होंने विचार रखा कि भारत में कई स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, अस्वच्छता शौचालय और खेल के मैदान सहित बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और इन सभी कारकों का छात्र छात्राओं की उपस्थिति एवं प्रदर्शन पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है।



जींद। शिविर में योग करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। सभी विद्यार्थियो को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नरवाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर ने रा'य स्तरीय हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। प्रति वर्ष की तरह इस बार भी इस प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना ने किया। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि रा'य स्तरीय हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में विद्यालय से 8 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साक्षी पुत्री मुकेश, आरजू पुत्री हरिकेश, तनु पुत्री जगदीश, हरेंद्र पुत्र कृष्ण, नैंसी पुत्री अमित, वंदना पुत्री दिनेश, नैंसी पुत्री संदीप, पावनी पुत्री जितेन्द्र ने इस प्रतियोगिता में मेरिट में स्थान हासिल किया। इस खबर से विद्यालय में खुशी का माहौल है । सभी ग्राम वासियों ने खंड शिक्षा अधिकारी उचाना खंड संसाधन संयोजक उचाना, जिला शिक्षा अधिकारी जींद ने विद्यालय की उपलब्धि पर बधाई दी। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने इसका सारा श्रेय सभी शिक्षक गण को दिया।

**कार्यक्रम** हरि संकीर्तन भवन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा

> भगवान की कृपा और ममता की कहीं कोई कमी नहीं

## भगवान राम के चरित्र का जितना अध्ययन किया जाए, उतना कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वेदाचार्य दण्डीस्वामी डा. निगमबोध तीर्थ महाराज जी के परम सान्निध्य में नगर की गुरूद्वारा गली स्थित श्री शिव शक्ति कृपा मन्दिर एवं हरि संकीर्तन भवन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भागवत भास्कर दीपक भाई जोशी (श्री वृंदावन धाम) ने कहा कि भगवान का भजन भले ही कुछ क्षणों के लिए करें, मगर पूरे ध्यान से करें तो मन को नियंत्रण में रखें। उन्होंने कहा कि एक क्षण का महत्व अगर समझना है तो रामायण के उस प्रसंग को समझें, जिसमें कुछ क्षण पूर्व भगवान राम को अयोध्या का राजपाठ मिल रहा था और कुछ क्षण बाद ही सब कुछ बदल जाता है। रामजी को 14 वर्ष के लिए बनवास जाना पड़ता है। भगवान राम के धरती पर अवतरण का उद्देश्य ही वनगमन है, क्योंकि बिना वन में जाए वह दुष्टजनों का संहार कैसे करते। भगवान राम के चरित्र का जितना भी अध्ययन किया जाए, उतना ही 'यादा जानने का मन होता है। भगवान की कृपा और ममता की कहीं कोई कमी नहीं है। कमी है तो हमारी पात्रता में, हमारी तपस्या में, हमारी आराधना में। हम जैसा बोएंगे, वैसा ही काटेंगे। उन्होंने कहा कि मनुष्य जिन गुण, कर्म व स्वभाव को धारण करने से मनुष्य कहा जाता है उनमें से एक गुण दया भी है।

दया दूसरे मनुष्यों व प्राणियों पर दया, प्रेम, सहानुभूति, हित कामना रखने को कहते हैं। ईश्वर का एक गुण दयालु या दयावान होना है। ईश्वर हम पर दया करता है। इस दया के गुण के कारण ही उसने जीवात्माओं का कल्याण करने के लिये इस अत्यन्त विशाल ब्रह्मांड व सृष्टि की रचना की है।



श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भागवत भास्कर दीपक भाई जोशी। फोटो :हरिभूमि



उचाना। प्रवचन करते उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज।

### परिवार का हर सदस्य धर्म ध्यान जरूर करें : सुभद्र

**उचाना।** बड़ौदा जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज ने कहा कि परिवार का हर सदस्य धर्म ध्यान जरूर करें। चाहे वो माला के रूप में हो या तप, त्याग के रूप में हो। परिवार को इक्ट्ठे रखने के लिए सभी तालमेल बनाने के लिए रोजाना परिवार के सभी सदस्य संयुक्त प्रार्थना अवश्य करें। प्रार्थना में भी बहुत बड़ी ताकत होती है। जो काम दवा से नहीं होता वो दुआ से हो जाता है। उन्होंने कहा कि मानव जाति का बंटवारा करने वाला धर्म नहीं बल्कि ये इंसान ही है। धर्म की छाया में बैठकर मन की चिंता व थकावट दूर हो जाती है। चाहे कैसा भी समय समय क्यों न हो पर बड़ों को प्रणाम करना न भूले, क्योंकि जो इंसान बड़ों को प्रणाम करता रहता है उसका जीवन संस्कारवान बन जाता है। प्रणाम करने स से बड़ों की ऊर्जा भी हमारे जीवन में आ जाती है जो बुराईयों से लड़ने की हमें ताकत देती है। गुरू की दीवारों पर फोटो लगाने की बजाए अपने हद्य में गुरूओं का स्थायी फोटो बनाए। गुरूओं को याद रखने के लिए अपने जीवन जीवन की कोई ठोस बुराई को छोड़ने का संकल्प मन में अवश्य लें।

**खबर संक्षेप**

### इकबाल ने रामपाल माजरा को दी बधाई

**पूंडरी।** गांव हजवाना निवासी युवा नेता इकबाल सिंह हजवाना ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सी.पी.एस. चौ. रामपाल माजरा की घर वापसी के पश्चात उन्हें इनैलो का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। गत दिवस रामपाल माजरा को बधाई देने के पश्चात बातचीत में इकबाल हजवाना ने कहा कि लगभग 40 साल की राजनीति में चौ. देवीलाल परिवार से जुड?र रामपाल माजरा 3 बार विधायक व मुख्य संसदीय सचिव रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामपाल माजरा कैथल जिले में ही पूरे प्रदेश में फेमस नेता है।

### स्लोगन व पोषण रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन

**राजौंद।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय राजौंद में पोषण पखवाड़े के समापन समारोह के तहत स्लोगन प्रतियोगिता एवं पोषण रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता में गीता रोहेड़ा प्रथम स्थान पर रही धनपति सोंगल दूसरे स्थान पर रही, कुसुम जाखौली तीसरे स्थान पर रही। वहीं रेसिपी प्रतियोगिता में कविता बीर बांगड़ा प्रथम स्थान पर रही, सावित्री गुलियाणा दूसरे स्थान पर रही, सुदेश कोटडा तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सभी विजेता प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीता पंवार ने शुभकामनाएं दी।

### टटियाना के पूर्व सरपंच मघ्घर इनेलो में शामिल

**गुहला चीका।** टटियाना के पूर्व सरपंच मघ्घर सिंह इनेलो में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आज उक्त घोषणा उन्होंने पार्टी के प्रांतीय प्रधान राम पाल माजरा से भेंट करके की। इस बीच रामपाल माजरा ने उन्हें पार्टी में शामिल करते उन्हें आश्वस्त किया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान व सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने आशा प्रकट की कि उनके इनैलो में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मग्घर सिंह ने कहा कि कार्यकताअरं को जो मान व सम्मान इनेलो पार्टी में दिया जाता है।

### जिला स्तरीय टीमों का गठन किया

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हेंडल पर जारी होने वाली हर सूचना पर भारत चुनाव आयोग सहित जिला निर्वाचन कार्यालय की पैनी नजर रहेगी। इसकी मॉनिटरिंग के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय टीमों का गठन किया गया है। टीम ना केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई भी अमल में लाएंगी।

### कॉलेज बनाओ संघर्ष का धरना जारी

**राजौंद।** राजौंद में कॉलेज बनाओ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ को लेकर चल रहे धरने के 62 वे दिन धरने की अध्यक्षता समिति के प्रधान राकेश राणा ने की। सभी पदाधिकारी ने यह निर्णय लिया कि जब तक उनकी कॉलेज की मांग पूरी नहीं की जाती तब तक बीजेपी के किसी भी नेता को राजौंद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और काले झंडे दिखाकर उसका विरोध किया जाएगा। सरकार से मांग है इस जायज मांग को पूरा किया जाए ताकि हमें किसी के विरोध में शामिल न होना पड़े।

### दामाद पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा अपनी करीब 55 वर्षीय सास से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में अया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहित युवती ने पुलिस को शिकायत दी कि वह कैथल शहर की एक कॉलोनी में शादीशुदा है। 25 मार्च को उसकी 55 वर्षीय मां उससे मिलने के लिए कैथल में आई हुई थी। शाम के समय वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान उसके पति ने उसकी मां के साथ दुष्कर्म किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह घर आई तो उसकी मां ने उसे घटना के बारे में बताया।

## जिला प्रशासन को चकमा देकर ढांड पंचमुखी चौक पर किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ लगाया जाम

# किसानों का बारदाने की मांग को लेकर ढांड में विरोध प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

अनाज मंडी ढांड में बारदाने की मांग को लेकर जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विकास तंवर के नेतृत्व में भारी संख्या में धरतीपुत्र किसानों ने जिला प्रशासन को चकमा देते हुए पंचमुखी चौक ढांड पर ट्रैक्टरों के साथ जाम लगा दिया। जाम के कारण सडक पर चारों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जाम से प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। तय कार्यक्रम के अनुसार किसान कुरुक्षेत्र रोड बाईपास पर स्थित विस्तार अनाज मंडी में समाजसेवी विकास तंवर के आह्वान पर ट्रैक्टरों पर सवार होकर पहुंचे। जहां किसानों ने सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया और समाजसेवी विकास तंवर का बारदाने की मांग का दोनों हाथ उठाकर समर्थन किया। अनाज मंडी ढांड में विकास ने किसानों को संबोधित करते कहा कि हरियाणा सरकार हमें जानबूझ कर परेशान करने में लगी हुई है। हमारी केवल एक ही मांग है कि ढांड मंडी में बारदाना मुहैया करवाया जाए। जिससे किसान आराम से दुकानों में बैठकर अपना अनाज बेच सकें, लेकिन सरकार ना जाने क्यों हमारे साथ इस प्रकार का भद्दा मजाक कर रही है। विकास तंवर ने कहा कि जब प्रदेश का किसान मंडियों में अनाज बेच रहा है तो ढांड एरिया के किसानों को इससे वंचित क्यों किया जा रहा है। किसानों ने ऐलान किया कि शीघ्र ही अदानी साइलो के गेट की तालाबंदी के लिए ट्रैक्टरों के साथ कूच किया जाएगा। मौके पर पहुंचे एस.डी.एम. ब्रह्मप्रकाश, डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह,डी.एस.पी. ललित कुमार ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों की एक नहीं सुनी। हालांकि एस.डी.एम. दिन भर प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के साथ मोबाइल पर बात करते रहे, लेकिन कोई हल नहीं निकला। प्रदर्शनकारी किसानों का नेतृत्व कर रहे विकास तंवर ने दो टूक शब्दों में कहा कि आज हमारे 2 ही रास्ते है पहला बारदाना दूसरा जेल। अब आपके हाथ है कि आप हमारे लिए कौन सा रास्ता अपनाना चाहते है। तंवर ने कहा कि हम तो केवल खाली बोरी मांग रहे है उसे भर कर वापिस सरकार को दे देंगे। फिर हमें खाली बोरी देने में सरकार का क्या जाता है। यही बात हमारे समझ से परे है। जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास तंवर ने कहा कि एफ.सी.आई. के ए.जी.एम. ने मुझे कहा कि बारदाना देने के लिए कल ही पत्र जारी कर दिया जाएगा, लेकिन अगले दिन ना जाने किसके इशारे पर उस पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। किसान ट्रैक्टरों को सडक पर बंद करके नीचे जमीन पर ही बैठ गए और नारेबाजी करते हुए एक ही बात कह रहे है कि मंडी बंद तो अदानी बंद। समाचार लिखे जाने तक किसान पंचमुखी चौक पर गद्दे बिछा कर धरने पर बैठे हुए थे।





**ढांड।** हाथ उठाकर बारदाने की मांग का समर्थन करते किसान, पंचमुखी चौक पर जाम में खड़े ट्रैक्टर का पंजीकरण ढूंढते पुलिस कर्मचारी।

**ट्रैक्टरों के रजिस्ट्रेशन नंबर ढूंढते रहे पुलिस अधिकारी**

अनाज मंडी में जब किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों की बात नहीं मानी तो पुलिस प्रशासन अदानी साइलो के गेट पर तैनात हो गया, लेकिन किसानों ने प्रशासन को चकमा देते हुए पंचमुखी चौंक पर डेरा जमा लिया। पुलिस अधिकारी ट्रैक्टरों के चालान करने के लिए उनके रजिस्ट्रेशन नंबर ढूंढते रहे, लेकिन उन्हें एक भी ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं मिला। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की भी किसानों ने कड़े शब्दों में निंदा की।



**ढांड।** पंचमुखी चौक पर जाम लगा रहे किसानों को समझाते एसडीएम व डीएसपी।

### कैथल में एक लाख 81 हजार 496 युवा मतदाता

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव को लेकर काफी दिलचस्प आंकड़े भी सामने आ रहे हैं। अगर युवा मतदाताओं की बात करें तो कैथल जिले में 30 साल से कम आयु के लगभग 22.36 प्रतिशत मतदाता हैं। इस चुनाव में 18 से 29 वर्ष की आयु के कुल 1 लाख 81 हजार 496 मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। जिसमें एक लाख 9 हजार 479 पुरुष एवं 72 हजार 14 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 8 लाख 11 हजार 623 मतदाता है। इनमें लगभग 16 हजार 470 पहली बार मतदान करेंगे (18 से 19 वर्ष की आयु के बीच) और लगभग 1 लाख 65 हजार 26 मतदाता 20 से 29 वर्ष की आयु के हैं। क्षेत्र में मतदाताओं का लिंगानुपात लगभग 897 है। उन्होंने बताया कि जिले में 20 हजार 853 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु हैं, जो कि मतदाताओं की कुल संख्या का 2.57 प्रतिशत है। इसमें 12 हजार 570 महिलाएं एवं 8 हजार 283 पुरुष मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 2617 वहीं सर्विस इलेक्टर्स हैं, जिनमें 2520 पुरुष एवं 97 महिला मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने लोगों को अपील की है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

- लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य करें उपयोग

## पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय में प्रवेश उत्सव पर किया पौधरोपण



**सीवन।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में विद्यालय से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से प्रवेश उत्सव को लेकर चर्चा की गई जो कि विभाग के आदेशानुसार 23 मार्च से 15 अप्रैल तक विद्यालय स्टाफ द्वारा विशेष सर्वे करते हुए स्कूल में अधिकतम बच्चों का नामांकन दर्ज कराने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय स्तर की परीक्षाओं के परिणाम 30 मार्च को घोषित किए जायेंगे। सभी तरह की गतिविधियों व नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण व एस एम सी प्रधान श्याम लाल ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर समाज सेवी अभिषेक मेहता, अमन बंसल, एस एम सी मेंबर संजीव कुमार तथा स्टाफ सदस्य गोल्डी गुप्ता, वर्षा रानी, सुरेश सैनी, शीशपाल शर्मा, गोपाल दास व सज्जन सिंह मौजूद रहे।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा शक्ति नगर कैथल, कुतुबपुर रोड कैथल, खनौरी रोड व ट्रांसपोर्ट नगर कैथल पर आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान आमजन को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवाओं को खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।



**कैथल।** युवाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

## पांच वर्ष से भूमिगत चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पुराने मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए निरंतर भुमिगत चल रहे आरोपियों के खिलाफ एसपी उपासना के निदेर्शानुसार विशेष अभियान चलाते हुए पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की टीम द्वारा 5 साल पुराने एक मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ स्टाफ के एएसआई राजकुमार व एएसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा कांगथली निवासी आरोपी गुरमीत राम व महेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि दोनो आरोपियों पर 3 मई 2018 को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कांगथली खेत में एक व्यक्ति को चोटे मारने के आरोप है। उक्त मामले में दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए निरंतर भूमिगत चल रहे थे। जिनको माननीय न्यायालय द्वारा 19 मार्च को पीओ घोषित कर दिया था।



**कैथल।** आरोपी गुरमीत राम व महेंद्र राम पीओ पकड़ो स्टाफ पुलिस गिरफ्त में।

## जरूरतमंद की मदद के लिए उठे हाथ

- किसी ने दिया घर का सामान और किसी ने खाद्य सामग्री
- आगजनी से जल गया था सतपाल सिंह का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

सोमवार को आगजनी की चपेट में आने से बेघर गरीब मजदूर सतपाल सिंह की मदद के लिए अब कई हाथ उठे हैं। जहां मंगलवार को ही चीका की समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार द्वारा उसे खाद्य सामग्री दी गई थी तो वहीं अब हेल्पिंग हैंड हरियाणा की टीम के द्वारा सतपाल सिंह को बैड, पेटी व अन्य आवश्यक सामान दिया है। जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य आशीष कौशिक सोथा ने बताया कि उन्होंने मीडिया के माध्यम से गरीब मजदूर सतपाल सिंह के आशियाना व अन्य सामान जलने बारे सूचना मिली थी। इसे लेकर उसने संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज व अन्य सदस्यों से बातचीत की तथा संस्था द्वारा एक बैड व एक पेटी व अन्य सामान दिया गया है। यही नहीं संस्था द्वारा उसके मकान बनवाने का भी आश्वासन दिया गया है। सतपाल सिंह व उसके परिजनों ने उनकी सहायता करने वालों का आभार जताया है। बता दें कि सोमवार को गांव रिवाड़ जागीर में एक गरीब मजदूर सतपाल सिंह के घर में गैस का सिलेंडर फट जाने से आग लग गई थी घर का सामान जल गया था। गनीमत यह रही थी कि इसमें किसी परिजन की जान नहीं गई। ऐसे में सतपाल का परिवार सड़क पर आ गया था। ग्रामीणों द्वारा सतपाल सिंह की आर्थिक मदद किए जाने की मांग की गई थी।



**गुहला चीका।** गरीब मजदूर सतपाल सिंह को दिया गया सामान।

## साफ राजनीति करूंगाः रवि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

गुहला के वरिष्ठ भाजपा नेता रवि तारांवाली ने कहा कि वे जब तक राजनीति करेंगे पाक साफ ही करेंगे। उन्होंने कहा कि छल से राजनीति उनके बस की बात नहीं है। रवि आज उनसे उनके निवास पर मिलने आए सैकड़ों युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके निवास पर पहुंचे मेजर सिंह पूर्व सरपंच, जोरा सिंह बाजीगर, मंगू धर्मछोत, रमेश कुमार, अमनदीप, लखविंदर गुर्जर, कमलजीत सिंह, सरपंच पाल कश्यप, सरपंच हरपिंदर पहाड़पुर व सरपंच लखविंदर सिंह हांडा ने मौके पर पहुंचे पत्रकारों को बताया कि पिछले दिनों रवि तारांवाली ने अपने एक समर्थक द्वारा उन्हें दी गई 5 लाख रुपये के हार को उसे ही वापस लौटाकर यह साबित कर दिया है कि दलदल में धंस चुकी राजनीति में आज भी ईमानदारी जिंदा है। उन्होंने कहा कि उक्त घटना से वे बहुत प्रभावित हुए जिसके चलते उन्होंने रवि तारांवाली का साथ देने का मन बनाया और आज उनका समर्थन करने के लिए उनके निवास पर पहुंचे हैं। उक्त लोगों ने कहा कि समूचा इलाका इस बात की तारीफ कर रहा है क्योंकि आज जो भ्रष्टाचार है, उसमें यदि किसी को एक सौ का नोट भी मिल जाए तो वह उसे भी नहीं छोड़ता।



**गुहला चीका।** रवि तारांवाली के निवास स्थान पर भेट करते हुए सेकड़ों युवा ।

### इंटर कॉलेज पुरुष व महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया

# आरकेएसडी कॉलेज की टीम ओवरआल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

आरकेएसडी कालेज की टीम ने इंटर कालेज पुरुष व महिला बाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया जो डीजीएचई के द्वारा डा. भीम राव अम्बेडकर राजकीय कालेज कैथल मे करवाई गई।

इसमें आरकेएसडी कालेज दोनो ही वर्गों में ओवरआल स्वर्ण पदक जीता ईस जीत के साथ ही पूरे हरियाणा में कालेज की टीम प्रथम नम्बर की टीम बन गई। इन टीमों के संयोजन में विभागाध्यक्ष डा.गुरदीप भोला, प्रो दीपक कुमार, व प्रो ऊरमिल बतान ने अहम भुमिका निभाई। हाल ही में 20 से 22 मार्च को आर के एस डी कालेज की टीम ने ईंटर कालेज पुरुष व महिला बाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया जो डीजी एच ई के द्वारा डा. बीम राव अम्बेडकर गारमेंट कालेज कैथल मे करवायी गई। इसमें आर के एस डी कालेज दोनो ही वर्गों में ओवरआल स्वर्ण पदक जीता ईस जीत के साथ ही पुरे हरियाणा में कालेज की टीम प्रथम नम्बर की टीम बन गई। इन टीमों के संयोजन में विभागाध्यक्ष डा.गुरदीप भोला, प्रो दीपक कुमार, व प्रो ऊरमिल बतान ने अहम भुमिका निभाई। विजेता टीमों को बधाई देकर सम्मानित किया। जीत पर कॉलेज मैनेजमेंट के प्रधान साकेत मंगल, सुनील चौधरी, पंकज बंसल व अन्य सभी सदस्यों ने व प्रिन्सिपल संजय गोयल ने भी इस जीत पर बधाई दी। गोल्ड जीतने वालों के लडकों में लक्की, आशीष, अंकुश, अमन और गुरमीत शामिल हैं। कांस्य पदक में हरीश, विशाल, विमल तथा रजत पदक जीतने वालों मे अक्ष्य, सागर, अभिषेक और संजीव शामिल हैं। लडकियों के गोल्ड में नीता, मीनू, कांस्य पदक में स्नेहा, सलोनी, अंजली, सोम्नम, निर्मल तथा रजत पदक मंजू ने जीता।



**कैथल।** बाक्सिंग में विजेता बनी आरकेएसडी कालेज की टीम।

## क्रिकेट में दुर्जनपुर विजेता

**उचाना।** सुरबरा गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में दुर्जनपुर की टीम विजेता बनी। फाइनल मुकाबले में सुरबरा को हरा कर दुर्जनपुर विजेता बना। विजेता को 31 हजार, द्वितीय को 21 हजार रुपए से पुरस्कृत किया। विजेताओं को नपा चेयरमैन उचाना विकास काला ने पुरस्कार बांटे। विकास काला ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।

जिस भी खेल में रूचि हो वो खेल युवा खेले ताकि उस खेल में बेहतर कर सकें।

ग्राम स्तर पर युवाओं को बेहतर खेल मैदान, सुविधा मिलनी चाहिए। प्रतिभाओं की कमी ग्रामीण अंचल में नहीं है। इन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन होना जरूरी है। प्रतियोगिता के आयोजन से आपस में भाईचारे की भावना भी बढ़ती है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाबसर, खण्ड सीवन (कैथल) के प्रांगण में नकारा हो चुके दो कमरों की नीलामी दिनांक 05.04.2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जानी है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित समय व दिनांक को पहुंच कर बोली दे सकते हैं। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

Sd/- Sd/-
SMC President Principal
G.S.S.S. G.S.S.S.
Pabsar (2169) Pabsar (2169)
M.No. 8295893400

## खबर संक्षेप

### पशु बाड़े से भैंसे चोरी मामला दर्ज

**सफीदों।** उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ में एक पशु बाड़े से भैंसे चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत म गांव बहादुरगढ़ निवासी राजेश ने कहा कि उसके पशु बाड़े से अज्ञात चोर रात करीब 1 से 2 बजे के बीच एक भैंस चोरी करके ले गए।

### सर्वजातीय बिनैण खाप की कार्यकारिणी होगी गठित

**जींद।** सर्वजातीय बिनैण खाप की बैठक 31 मार्च को जिले के गांव दनौदा में खाप के चबूतरे पर आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित खाप प्रमुख रघुबीर सिंह नैन करेंगे। खाप प्रतिनिधि बलबीर सिंह नैन ने बताया कि बैठक में सर्वजातीय बिनैण खाप की कार्यकारिणी सहित महासभा गठन कर खाप से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### आज बोहतवाला सब स्टेशन की बिजली रहेगी बंद

**अलेवा।** 33 केवी सब स्टेशन बोहतवाला में मरम्मत कार्य के चलते वीरवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जानकारी देते हुए सब स्टेशन बोहतवाला इंचार्ज राकेश जागलान ने बताया कि वीरवार को सब स्टेशन बोहतवाला में मरम्मत कार्य के चलते इंडस्ट्रीज फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी।

### नौ को इनेलो कार्यकर्ता पहुंचेंगे कलायत

**राजौंद।** लोकसभा चुनाव को लेकर इनेलो के कार्यताओं ने कमर कस ली है। जिसके तहत हल्का कलायत के कार्यकर्ता 29 मार्च को कलायत के महाराणा प्रताप पैलेस में जुटेंगे और चुनावी बैठक में हिस्सा लेंगे। मिटिंग मे मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला पहुंचेंगे और मीटिंग की अध्यक्षता रामपाल माजरा करेंगे।

### अभय सिंह चौटाला आज चीका में

**गुहला चीका।** इनेलो के कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इनेलो प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला वीरवार को गुहला चीका आएंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे भवानी मंदिर चीका में कार्यकर्ताओं की एक बैठक को सम्बोधित करेंगे और कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताअरं की ड्यूटियां भी लगाएंगे।

### कार्यालयों से भी प्रचार सामग्री हटाना जरूरी

**जींद।** आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना करने के दृष्टिगत सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आचार संहिता की उल्लंघन करना किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में चुनाव आयोग की हिदायतों की पालन करें।

### झगड़े में आठ घायल नौ पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव भिड़ताना में बिजली का तार बांधने के लिए छत पर व्यक्ति के चढ़ने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर नौ लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भिडताना निवासी सतीश ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### सीएम विंडो पर दर्ज कराई शिकायत

**कैथल।** गांव कोटड़ा निवासी एक किसान ने सीएम विंडो में शिकायत देकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उसकी जमीन की निशानदेही करवाई जाए। इस बारे में सीएम विंडो में दी गई शिकायत में किसान महावीर सिंह ने कहा है कि उसकी गांव कोटड़ा में जमीन है जिसकी निशानदेही करवाने के लिए वह पहले भी दो बार सीएम विंडो में शिकायत दे चुका है।

## मौसम ने ली करवट, काले बादल और तेज हवाओं ने किया परेशान

# हलकी बूंदाबांदी ने कुछ समय के लिए किसानों की सांसें रोकी

बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मौसम में हो रहा बदलाव किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बुधवार को मौसम ने करवट ली और सुबह के समय हलकी बूंदाबांदी हुई। हालांकि यह ज्यादा देर तक नहीं हुई लेकिन बूंदाबांदी के दौरान छाए काले बादलों ने किसानों की सांसों को कुछ समय के लिए रोकने का काम किया। कुछ समय तेज हवा चलने के बाद मौसम फिर बदला और सूर्य देवता ने आसमान से दर्शन दिए। दोपहर होते-होते तेज धूप निकल आई। ऐसे में मौसम के बदले तेवरों ने किसानों को चिंता में डाल दिया। इस समय किसानों को यही भय सता रहा है कि मौसम के बिगडे. तेवर उनकी फसलों को तबाह न कर दें। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा तथा मौसम में आद्रता 36 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहेगा। आकाश में आंशिक बादलवाई भी देखने को मिलेगी। सुबह के समय बूंदाबांदी से हुई गुलाबी ठंड, फिर गर्मी का अहसास बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। कुछ समय के लिए हलकी बूंदाबांदी भी हुई। इस दौरान तेज बारिश के आसार भी बने लेकिन बारिश नही हुई। फिर मौसम ने करवट ली और तेज धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप निकली।


जींद। सुबह के समय आसमान में छाई काली घटाएं।

### तापमान बढ़ा

जिसके चलते अधिकतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई और न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि हुई। बुधवार को जींद में बूंदाबांदी, नरवाना में 0 एमएम, सफीदों में बूंदाबांदी, जुलाना, उचाना, अलेवा में 0 एमएम, पिल्लूखेड़ा में बूंदाबांदी हुई।

### फसल मंडी में पहुंच रही है, परेशान हुए किसान

इस समय मौसम गेहूं की फसल के बिल्कुल अनुकूल बना हुआ है और फसल पकाव की ओर है। जबकि सरसों की फसल कट रही है और मंडियो 26 मार्च से खरीद कार्य शुरू भी हो गया है। फसल मंडी में पहुंच रही है। ऐसे हालात में मौसम के बदले तेवरों ने किसानों की चिंता को बढा दिया है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश होती है या तेज हवा चलती है तो फसलों को नुकसान होगा। तेज हवा से जहां पानी दिया गया है वहां पर फसल पसर जाएगी। सरसों फसल की कटाई तथा कढाई की जा रही है।

### तापमान में गिरावट, फसलों के लिए फायदेमंद

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान गेहूं फसल के अनुकूल है। अगर तापमान में वृद्धि होती है तो दाना पूरा आकार लेगा। अगर बारिश होती है तो यह गेहूं फसल को नुकसान पहुंचाएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क रहने की संभावना है। आकाश में बादलवाई भी देखने को मिलेगी। तापमान फसलों की ग्रोथ के अनुरूप है। इससे फसलों को फायदा पहुंचेगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने पर काटे गए चालान



**राजौंद।** राजौंद में नगर पालिका प्रशासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के चलते नियमों की पालना को लेकर गतिशील हुआ। बुधवार को नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा के दिशा निर्देश एस आई प्रदीप कुमार की टीम ने मुख्य बाजार व कैथल अंसध मार्ग पर पॉलिथीन की जांच के दौरान लगभग 21 दुकानों पर जांच की। जहां 15 दुकानों पर जूट के बैग मिले जबकि 6 दुकानदारों द्वारा पॉलिथीन का इस्तेमाल किया जा रहा था। इन पर तुरंत प्रभाव से कार्य करते हुए मौके पर ही मिली पॉलिथीन को लेकर 6 दुकानदारों को 500-500 रुपए के चालान किए गए। पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए दुकानदार जूट बैग को सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।

## युवा खिलाड़ी प्रीति का दिल्ली पुलिस में हुआ चयन, लोगों ने दी बधाई



**गुहला-चीका।** यहां की एक होनहार युवा खिलाड़ी प्रीति का दिल्ली पुलिस में चयन हुआ है। खेल नर्सरी के एथलेटिक्स कोच डॉक्टर सतनाम सिंह ने बताया की प्रीति लता पुत्री रघवीर सिंह गांव चंद्लाना की रहने वाली है और चीका स्थित उक्त खेल नर्सरी से जुड़ी हुई है। सतनाम सिंह ने प्रीति लता की सफलता के पीछे उनकी अथक मेहनत व लगन बताई और कहा कि वह पिछले लगभग 2 वर्षों से खेल नर्सरी में अभ्यास कर रही थी, जिस की बदौलत ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि प्रीती लता खेल के साथ-साथ पढ़ने में भी काफी अच्छी है, जिसके चलते पहले उन्होंने अपना लिखती पेपर पास किया और उसके बाद वह शारीरिक परीक्षा में भी पास हुई और यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी की सफलता ने गुहला चीका के खिलाड़ियों में एक नया जोश भर दिया है कि किस प्रकार मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। खेल के साथ पढ़ने में भी अच्छा होना बहुत जरूरी है उन्होंने बताया कि खिलाड़ी चाहे जैहो वह समाज के लिए एक ऐसे स्तंभ का काम करता है जो सबसे मजबूत होता है।

## भक्ति योग आश्रम व प्राकृतिक चिकित्सालय का दौरा

- विद्यार्थियों ने प्राकृतिक चिकित्सा व जीवन पद्धति के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

उपमंडल के गांव सरनाखेड़ी स्थित भक्ति योग आश्रम में बने महामृत्युंजय प्राकृतिक चिकित्सालय का गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल कुरूक्षेत्र के विद्यार्थियों दौरा किया। विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व स्कूल के प्रिंसिपल डा. सचिंद्र कुमार कौड़ा ने किया। बच्चों के दल का आश्रम में पहुंचने पर साध्वी आराधिका सरस्वती ने स्वागत किया। साध्वी आराधिका सरस्वती ने विद्यार्थियों को चिकित्सालय व आश्रम का भ्रमण करवाया और उन्हे प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व व प्राकृतिक जीवन शैली से अवगत करवाया। साध्वी आराधिका सरस्वती ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा, प्रकृति में मौजूद तत्वों का इस्तेमाल करके रोग के मूल कारण को खत्म करने की एक रचनात्मक विधि है। यह एक चिकित्सा पद्धति होने के साथ-साथ, शरीर में मौजूद प्राकृतिक तत्वों के अनुरूप एक जीवनशैली भी है। प्राकृतिक चिकित्सा शरीर के हर पहलू का इलाज करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है और भौतिकवाद का अंधाधुंध अनुसरण कर रहा है जिसके कारण कई बीमारियों से ग्रसित हो रहा है।


सफीदों। आश्रम में पहुंचा विद्यार्थियों का दल। फोटो: हरिभूमि

## ईडी का डर दिखाकर आवाज को दबाने का प्रयास कर रही भाजपा

**पूंडरी।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव स्वामी कृष्णानंद सरस्वती कौल ने कहा कि दिल्ली के सीएम व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्ष एकजुट हो चुका है। इसको लेकर आज पूंडरी कार्यालय में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए और गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध और बढ़ती सत्तावाद का नाम देते हुए उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार व भाजपा द्वारा कायरतापूर्ण काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि एक साथ किए गए विरोध के सामने अत्याचार कभी हावी नही हो सकता। आप नेता ने कहा कि वे इस प्रकार की घटिया कार्रवाई का विरोध करते हैं।

## सात को नंदगढ़ में किसान नेता रमेश दलाल को किया जाएगा सम्मानित

- 12 राज्यों के जाटों को आरक्षण दिलवाने और समगोत्र विवाह को गैर कानूनी घोषित करवाने मुद्दे पर रमेश दलाल को देंगे समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल के सम्मान में नंदगढ़ के स्कूल में सर्वजातीय महापंचायत का आयोजन सात अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांवों में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। नंदगढ़ गांव के सरपंच रोहताश ने बताया कि 12 रा'यों के जाटों को केंद्र की ओबीसी श्रेणी शामिल करवाने और समगोत्र विवाह को गैर कानूनी घोषित करवाने के लिए रमेश दलाल संघर्ष कर रहे हैं। मांगो को सरकार से मनवाने के लिए रमेश दलाल ने अपनी जिंदगी को दांव पर लगा कर लगातार 17 दिन तक केएमपी मांडोठी आसौदा टोल बहादुरगढ़ में आमरण अनशन किया। 12 राज्यों के जाटों, त्यागी, बिश्नोई, रोड, मुले जाट और सिख जाट को ओबीसी का आरक्षण दिलवाने के कठिन संघर्ष किया है।


जुलाना। लजवाना गांव में लोगों को कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण देते गणमान्य लोग।

## सरसों की खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध



**उचाना।** 26 मार्च से सरकारी सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है। सरसों की खरीद को लेकर सभी पुख्ता प्रबंध खरीद एजेंसी द्वारा किए गए है। अलग-अलग दिनों का शेड्यूल गांव के हिसाब से बनाया गया है। दूसरे दिन भी सरसों को बेचने के लिए सरकारी खरीद पर कोई भी किसान नहीं आया। हैफेड मैनेजर सुनीता मलिक ने बताया कि खरीद की सभी तैयारी पूरी है। कुछ किसान सरसों की फसल में नमी चेक करवाने के लिए जरूर आए थे। इन दिनों सरसों की फसल में नमी है। आठ प्रतिशत तक नमी वाली साफ सरसों की फसल खरीदी जाएगी। एक किसान जिसका पंजीकरण है उसके हिसाब से 25 क्विंटल सरसों की फसल खरीदी जाएगी। 5650 रुपये प्रति क्विंटल सरसों का सरकारी भाव तय किया है। बिना पंजीकरण वाली सरसों की फसल की खरीद सरकारी रेट पर नहीं होगी।

## 30 को उचाना आएंगे सीएम सैनी

- उचाना भाजपा चुनावी कार्यालय का भी करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की घोषणा के बाद भाजपा चुनाव मोड में नजर आने लगी है। हिसार लोकसभा से रणजीत चौटाला को भाजपा द्वारा उम्मीदवार बनाया गया है। 30 मार्च को चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने खुद सीएम नायब सिंह सैनी आ रहे है। इससे पहले कपास मंडी में शैड के नीचे जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। जनसभा स्थल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिलाध्यक्ष राजू मोर पहुंचे। भाजपा के सीनियर कार्यकर्ता भी इस दौरान मौजूद रहे। सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि कपास मंडी में आयोजित होने वाली जनसभा को सीएम नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। हिसार लोकसभा प्रभारी सुभाष बराला, भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला भी जनसभा का हिस्सा बनेंगे। यहां केंद्र, प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए कामों के बारे में लोगों को सीएम नायब सिंह सैनी बताएंगे। प्रदेश की दस की दस लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को सशक्त बनाने का काम किया है। जो-जो वादे पूरे किए थे उन्हें पूरा करने का काम किया।


उचाना। सीएम नायब सिंह सैनी की जनसभा की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया। फोटो: हरिभूमि

## बाबा शाह कमाल कादरी की दरगाह पर सालाना उर्स मेला आज से



**कैथल।** जवाहर पार्क स्थित हजरत बाबा शाह कमाल कादरी की दरगाह पर सालाना उर्स मेला वीरवार से आरंभ होगा। यह मेला तीन दिनों तक चलेगा। जिले ही नहीं प्रदेश व देशभर के कई राज्यों से लोग यहां पूजा के लिए पहुंचते है। इस दौरान मजार पर चद्दर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गद्दीनशीन बाबा रजनीश शाह ने बताया कि मार्च माह में हर वर्ष बाबा की दरगार पर विशाल मेला लगाया जाता है। यह मेला 28, 29 व 30 मार्च को तीन दिन लगातार जारी रहता है। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व राजस्थान सहित देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु बाबा की मजार पर आते हैं। जो श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा के दरबार में आकर मन्नतें मांगते हैं, बाबा उनकी पुकार सुनते हैं। उन्हें सुख व समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि यहां हिंदू और मुस्लिम एकता की जीती जागती मिशाल देखी जाती है। मेले के दौरान कवालियों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया जाता है। सभी धर्मों के लोग यहां इकट्ठे होकर पूजा-अर्चना करते हैं।

## बेटों से बढ़कर हैं बेटियां: रविभूषण गर्ग

# चेन्नई के दंपति ने लिया कैथल से दो जुड़वां बच्चियों को गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एक ओर जहां बेटियों को पराया धन समझा जाता है तो वहीं कुछ व्यक्ति ऐसे भी हैं जो आज भी बेटियों को बेटों से भी बढ़कर मानते हैं। कुछ ऐसा ही देखने में आया कैथल के श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित बाल उपवन आश्रम स्पेशल एडोप्शन एजेंसी में। यहां पर बुधवार को चेन्नई के दंपत्ति धर्मदेव और वैष्णवी दंपत्ति द्वारा एजेंसी में पल रही दो जुड़वां बच्चियों को गोद लिया है। उन्हें यह एडोप्शन महिला एवं बाल विकास विभाग के नियमानुसार दिया गया। दोनों बहनों को बुधवार को संस्था के प्रधान रविभूषण गर्ग व अन्य सदस्यो की मौजूदगी में उनके भावी माता-पिता को सौपा गया। बेटियों को पाकर दंपत्ति खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। इस अवसर पर रमेश बंसल, प्रेमचंद सिंगला, सोनिया, जीतो ,सुरेश, प्रिंस शर्मा, ललित मौजूद थे। जानकारी देते हुए सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग ने बताया कि सभा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के सहयोग से मंदिर प्रांगण में विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी चलाई जा रही है। इस एजेंसी में समाज के लोगों द्वारा ठुकराए गए नौनिहालों को आश्रय दिया जाता है। यहां न केवल कैथल बल्कि आसपास के 8 जिलों से बच्चों को रखा जाता है। यहां पर नियमानुसार बच्चों का पालन पोषण व पढ़ाई करवाई जाती है। सभा द्वारा बाल उपवन आश्रम करीब 14 सालों से चलाया जा रहा है। इसमें सैकड़ों बच्चों को आश्रय दिया जा चुका है तथा सैकड़ों बिछुड़े बच्चों को उनके अभिभावकों को सौपा जा चुका हैं।


कैथल। दंपत्ति को दो जुड़वां बच्चियों को सौंपते रविभूषण गर्ग व अन्य।

### यूं होती है एडोप्शन की प्रक्रिया

जो भी माता-पिता या अकेले बच्चों को गोद लेना चाहते हैं। वे विभागीय केरिंग पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाते हैं। इसके लिए निर्धारित दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। इसके उपरांत विभागीय टीम अभिभावक की फिजिकल वैरीफिकेशन करती है तथा सही पाए जाने पर अपनी रिपोर्ट अपलोड करती है जिसके बाद संबंधित माता-पिता का नाम वेटिंग लिस्ट में आ जाता है। नौनिहालों की उपलब्धता के आधार पर जैसे ही अभिभावक की वेटिंग लिस्ट पूरी होती है तो उसे नियमानुसार बच्चा गोद दिया जाता है।

### फेंके नहीं हमें दे

संस्था के प्रधान रविभूषण गर्ग ने बताया कि उनका एकमात्र ही उद्धेश्य है कि किसी भी नवजात को जीवनदान दिया जा सके। इसे लेकर ही उन्होंने विभागीय नियमानुसार सभा के कार्यालय के बाहर पालना लगाया गया है। इस पालने में कोई भी व्यक्ति या महिला जो अपने बच्चे को पालन पोषण करने में असमर्थ है तो वह बिना अपनी पहचान बताए बच्चे को इसमें छोड़ सकती है। इसके अलावा विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल कैथल में भी पालना रखा गया है ताकि नौनिहालों को गटर या मौत के हवाले करने की बजाय उन्हें नई जिंदगी दी जा सके।

## मारपीट व धमकी देने के तीन मामलों में केस

**कैथल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के अलग-अलग तीन मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में गांव देवबन के राकेश ने तितरम थाना में शिकायत दी कि 25 मार्च को शाम के समय आरोपी मंजीत, अनुराग, सोनू, प्रदीप व मोनू ने उसे डंडे, लाठी व गंडासी से पीटा। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी सुरेश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में डिफेंस कॉलोनी कैथल के प्रतीक कुमार ने शहर थाना में शिकायत दी कि 19 मार्च को शाम के समय वह ट्रांसपोर्ट नगर में दुकान देखने के लिए गया था। वह वहां खड़े एक ट्रक के पीछे पेशाब करने चला गया। 4/5 व्यक्ति आए और उसे धमकाने लगे।